लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **के. के. शर्मा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या / 18 / 2021 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 10.03.2021
GCMS NO:-2021/98

श्री चन्द्रप्रकाश खटोड़ निवासी 66–ए / 6, कुम्भानगर, चित्तौड़गढ़

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी, चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

दिनांक 06.04.2021

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी, चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 05.02.2021 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 18 / 2021 / (06.04) / 254 दिनांक 10.03.2021 से लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी, चित्तौड़गढ़ को दिनांक 06.04.2021 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 06.04.2021 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने प्रार्थना पत्र दिनांक 30.03.2021 प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखा कि उसे रसद कार्यालय से वांछित सूचना प्राप्त हो गई है तथा इस प्रकरण में अब कोई कार्यवाही नहीं चाहते हैं। अतः प्रकरण को समाप्त करने की कार्यवाही करें। लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी, चित्तौड़गढ़ ने उक्त प्रकरण में आदिनांक तक कमेन्ट्स प्रस्तुत किए।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 18 / 2021 (सू.अ.)
श्री चन्द्रप्रकाश खटोड़ निवासी चित्तौड़गढ़ बनाम लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी, चित्तौड़गढ़

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। चूंकि अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी, चित्तौड़गढ़ द्वारा उपलब्ध कराई जा चुकी है तथा अपीलार्थी भी प्रकरण में आगे कार्यवाही नहीं चाहते हैं। अतः अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध हो जाने से अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारिज की जाती है।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

(के. के. शर्मा)
लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र. / सरिश्ता / प्र.सं. / 18 / 2021(सू.अ.) / 209 दिनांकः– 07 / 04 / 2021

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी, चित्तौड़गढ़
2. श्री चन्द्रप्रकाश खटोड़ निवासी 66–ए / 6, कुम्भानगर, चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
चित्तौड़गढ़ (राज.)